बाल विकास व मनोविज्ञान – 2

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है ।

लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें) ।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 है ।

1. आपके विद्यालय में एक ऐसा बच्चा आया है जो देख नहीं सकता । विद्यालय में उससे केवल सहानुभूति जतायी जाती है लेकिन उसे सिखाने के प्रति शिक्षकगण उत्साहित नहीं हैं ? आप उस विद्यालय में होते तो क्या-क्या करते ?

अथवा

आप विद्यालय में समावेशी माहौल बनाने में कैसे मदद करेंगे ? कुछ उदाहरण बताएँ ।

2. उत्तर बाल्यावस्था में होने वाले सांवेगिक विकास को किन प्रमुख प्रतिक्रियाओं / भावों द्वारा प्रकट किया जाता है ? संक्षेप में चर्चा करें ।

अथवा

उत्तर बाल्यावस्था में बच्चों के बौद्धिक विकास की स्थिति को समझाएँ ।

3. नैतिक यथार्थता से आप क्या समझते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट करें ।

अथवा

नीलम और बबीता पक्के दोस्त हैं, जो किसी विद्यालय की एक ही कक्षा में अध्ययन करते हैं । एक दिन, किसी बात पर शिक्षिका द्वारा नीलम को सजा दी जा रही थी, तभी बबीता ने उसे झूठ बोलकर बचा लिया । यदि आप इनकी शिक्षिका होते और आपको यह पता चलता कि बबीता ने आपसे झूठ बोला था, तो आपकी क्या प्रतिक्रिया होती और क्यों ?

4. सीखने के 'बैंकिंग मॉडल' से क्या तात्पर्य है ? सोदाहरण स्पष्ट करें ।

अथवा

सीखने के 'प्रोग्रामिंग मॉडल' से क्या तात्पर्य है ? सोदाहरण चर्चा करें ।

S3.2

5. सीखने के संदर्भ में 'सीखने की परिस्थितियों' का कितना महत्व है ? सोदाहरण चर्चा करें ।

अथवा

बच्चों के सीखने के सामान्य तरीकों की चर्चा करें ।

S3.2

6. क्या एक शिक्षक/शिक्षिका होने के नाते आप अपने विद्यालय के बच्चों के सीखने सम्बंधी चुनौतियों से अवगत हैं ? कम से कम बच्चों की चार चुनौतियों का उल्लेख करें ।

अथवा

अपने विद्यालय के किसी एक बच्चे का उदाहरण लें जिसे आप अच्छी तरह जानते हैं और उसके सामाजिक, संज्ञानात्मक एवं नैतिक विकास के बारे में बताएँ ।

S3.2

7. Zone of Proximal Development (ZPD) क्या होता है ? उदाहरण देकर समझाएँ ।

अथवा

सहायक ढाँचा (Scaffolding) क्या होता है ? सीखने के संदर्भ में इस अवधारणा की क्या उपयोगिता है ?

S3.2

8. क्या सीखने की क्षमता और उम्र के बीच कोई सम्बंध है ? क्यों या क्यों नहीं ?

अथवा

क्या कला के माध्यम से भी बच्चों का संज्ञानात्मक विकास होता है ? कैसे, उदाहरण देकर समझाएँ ।

दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न (न्यूनतम 350 शब्दों में उत्तर दें)।

प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 10 है ।

9. विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रकार एवं उनकी आवश्यकताओं के बारे में आप क्या जानते हैं ? विस्तृत चर्चा करें ।

अथवा

सीखने की संकल्पना के संदर्भ में पियाजे और वायगोत्स्की के सिद्धांतों की तुलनात्मक चर्चा करें ।

10. उत्तर बाल्यावस्था के दौरान बच्चों में सामाजिकता का विकास कैसे होता है ? विस्तृत चर्चा करें ।

अथवा

आपके विद्यालय में जो बच्चे आते हैं, वे विभिन्न सिद्धान्तों के अनुसार विकास की किस अवस्था में होते हैं, इसका विश्लेषण करें । आप स्वयं उन बच्चों के चिंतन-व्यवहार के कुछ विशेषताओं को भी बतलाएँ ।